हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
B.ed Regular
M.ed
D.ed
B.ed Distance
नोट : स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर से डिस्टेंस, बी.एड, डी.एड. का प्रवेश प्रारंभ है, जो भी शासकीय तथा अशासकीय शिक्षक डिस्टेंस से जॉब में रहकर बी.एड., डी.एड. करना चाहते है उनके प्रवेश का सुनहरा अवसर
ज्ञानदीप एकेडमी
पुराना बस स्टैण्ड के पास अम्बिकापुर, तहसील के पास अनूपपुर (म.प्र.)
8839281593, 9174881569

0 **राजनांदगांव।** मौसम परिवर्तन के साथ ही अपर्याप्त सफाई व्यवस्था के चलते मच्छरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रिहायशी इलाकों से लेकर श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है।

# राजनांदगांव सीट के पहले लोकसभा चुनाव में महज 5 प्रत्याशी के बीच हुआ था मुकाबला, सर्वाधिक 32 नेताओं ने 1996 के लोकसभा में लड़ा था चुनाव

सत्यम शर्मा ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा के आगामी चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा से संतोष पांडे और कांग्रेस से पूर्व सीएम भूपेश बघेल के मैदान में उतरने से यह सीट हाईप्रोफाईल के साथ ही रोचक हो गई है। बड़े नामों के बीच टक्कर होने पर ऐसी भी संभवना जताई जा रही है कि इस बार चुनावी मैदान में बड़ी संख्या में प्रत्याशी देखे जा सकते हैं।

हालांकि राजनांदगांव लोकसभा का इतिहास देखें तो 1962 में पहली बार हुए राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए चुनाव में महज पांच प्रत्याशियों के बीच ही मुकाबला हुआ था। वहीं सर्वाधिक 32 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला 1996 में देखने को मिला था। वहीं पिछले चुनाव की बात करें तो यहां से 14 प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में थे। उल्लेखनीय है कि देश में हुए पहले दो आम चुनाव में राजनांदगांव क्षेत्र दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत आया करता था। 1962 में नांदगांव को अगल लोकसभा बनाया गया। उस समय से अब तक इसमें बदलाव नहीं किया गया है। साल 1962 में हुए राजनांदगांव के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के बीरेंद्र बहादुर सिंह , पीएसपी के श्यामनारायण कश्मीरी, सीपीआई के गंगा चौबे, जनसंघ के शिवकुमार शास्त्री और आरपी के हरिश्चंद्र ऋषि मैदान में थे। 76012 मत हासिल कर कांग्रेस के बीरेंद्र बहादुर सिंह ने जीत हासिल की थी।

### जब सर्वाधिक ने लड़ा चुनाव

*राजनांदगांव लोकसभा सीट के इतिहास में सर्वाधिक 32 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला लगभग तीन दशक पहले 1996 में हुआ था। उस चुनाव में भाजपा से अशोक शर्मा, कांग्रेस से शिवेंद्र बहादुर सिंह, एआईआईसी से बलबीर खनूजा, बीएसपी से अशोक साहू, छमुमो से भीमराव बागड़े के अलावा 27 लोग निर्दलीय रूप से मैदान में थे। उस चुनाव में 498311 मतदाताओं ने मतदान किया था। जिसमें 222616 वोट हासिल कर भाजपा के अशोक शर्मा ने चुनाव जीता था। इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस को छोड़कर बाकी 30 प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हो गई थी।*

## इस बार चार अप्रैल तक नामांकन जमा करने का मौका

### खास बातें

- राजनांदगांव सीट में भाजपा का रहा दबदबा, सर्वाधिक जीतने वाली पार्टी
- इस बार भी प्रदेश की हाइप्रोफाइल सीटों में शामिल

### 1977 में सिर्फ 3 ने लड़ा चुनाव

देशभर में आपातकाल के बाद पहली दफा 1977 में लोकसभा के चुनाव कराए गए। राजनांदगांव सीट से इस चुनाव में महज तीन प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में रहे। इनमें भारतीय लोकदल से मदन तिवारी, कांग्रेस से रामसहाय पांडे और निर्दलीय लखन शाह कुंजाम शामिल हैं। इस चुनाव में मदन तिवारी ने ऐतिहासिक 64 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। ज्ञात हो कि राजनांदगांव लोकसभा सीट में इससे अधिक प्रतिशत वोट किसी ने हासिल नहीं किए हैं।

### किस साल कितने प्रत्याशी

राजनांदगांव लोकसभा सीट से 1962 में पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ। ऐसे ही 1967 में चार प्रत्याशी, 1971 में छह प्रत्याशी, 1977 में तीन प्रत्याशी, 1980 में 12 प्रत्याशी, 1984 में 14 प्रत्याशी, 1989 में 16 प्रत्याशी, 1991 में 23 प्रत्याशी, 1996 में 32 प्रत्याशी, 1998 में 6 प्रत्याशी, 1999 में छह प्रत्याशी, 2004 में 7 प्रत्याशी, 2009 में 14 प्रत्याशी, 2014 में 13 प्रत्याशी और पिछले चुनाव 2019 में 14 प्रत्याशी मैदान में रहे।

### लगातार शिकायत के बाद भी सुधार नहीं होने से वार्डवासी नाराज

# गंदे पानी की सप्लाई से मेयर के वार्ड में फैला डायरिया, दो दर्जन बच्चे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख के वार्ड की स्थिति ही बदहाल हो गई है। उनके वार्ड में गंदे पानी की सप्लाई के चलते डायरिया और पीलिया की शिकायत सामने आई है। वार्ड के करीबन दर्जनभर बच्चे इससे पीड़ित हो गए हैं, जिन्हें सरकारी सहित निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि पिछले 5-6 महीने से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जिसमें शिकायत के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 चिखली में बीते एक सप्ताह के भीतर ही दर्जनभर से अधिक बच्चे पीलिया, डायरिया और टाइफाइड से पीड़ित हैं। बच्चों के परिजनों का कहना है कि वार्ड में बीते कई महीनों से गंदे पानी की ही सप्लाई हो रही है, इसकी शिकायत निगम प्रशासन से भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया। पहले भी कुछ बच्चों की गंदे पानी की सप्लाई के कारण सेहत खराब हो चुकी है। महिलाओं ने बताया कि पानी में कई बार कीड़े भी आए हैं, जिसकी जानकारी भी निगम को दी गई।



### अलग-अलग अस्पताल में भर्ती

वार्डवासियों ने बताया कि हाल ही में दर्जनभर से अधिक बच्चों की सेहत खराब पानी पीने से हो गई है। बच्चों में बुखार, उल्टी और दस्त जैसी शिकायत देखने को मिली। इनमें वार्ड के ही छह बच्चे बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे ही स्पर्श अस्पताल में 6 और पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी तीन बच्चे भर्ती हैं। यह सभी बच्चें छोटी उम्र के हैं।

### पानी के लिए 2 सौ करोड़ खर्च

शहरभर में साफ पानी की सप्लाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा अमृत योजना के जरिये करीब दो सौ करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शहर में लगातार गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत सामने आती रही है। इसके पहले भी शहर के अन्य श्रमिक बाहुल्य इलाकों में डायरिया और पीलिया के कई मरीज सामने आए थे।

### लगेगा हेल्थ कैम्प

एक ही वार्ड से दर्जनभर बच्चों के पीलिया और डायरिया से पीड़ित होने के बाद अब निगम प्रशासन भी हरकत में आ गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता का कहना है कि जल्द ही संबंधित वार्ड में हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा। जिसके जरिये वार्ड के अन्य लोगों की भी जांच होगी और बीमार लोगों को इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा निगम की टीम ने वार्ड से पानी का सैंपल भी लिया है। जिसकी जांच लैब में कराई जाएगी।

### सुधार कराएंगे



बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली है। संबंधित वार्ड में पाइप लाईन में जो लीकेज होगी, उसमें जल्द सुधार कराया जाएगा। पानी का सैंपल लेकर जांच भी होगी। **-हेमा देशमुख,** महापौर

# मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या, बीच सड़क पर फेंका शव

### तीन-तीन जिलों की सीमा पर नक्सली मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बीते कई दिनों से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के बॉर्डर से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सली संगठन लोकसभा चुनाव के बीच किसी घातक वारदात को अंजाम देने तीन-तीन जिले की सीमा पर इकट्ठे हुए हैं। इधर गढ़चिरौली जिले की एंटी नक्सल यूनिट सी-60 लगातार माओवादी संगठन को शिकस्त दे रही है। इसी बीच सशस्त्र नक्सलियों ने जिले के सीमा पार मुखबिरी के शक में एक असहाय ग्रामीण की निर्मम हत्या कर शव आम सड़क में फेंक दिया है।

उल्लेखनीय है की बीते लंबे समय से तेलंगाना और बस्तर की ओर से घातक नक्सलियों का दस्ता लोकसभा चुनाव के दरमियान कांकेर, बस्तर, महाराष्ट्र के गढचिरौली जिला तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की सीमा पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी पर हैं। इधर लगातार माओवादी संगठन के खिलाफ गढचिरौली की एंटी नक्सल यूनिट सी-60 नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक रवैया अख्तियार करते हुए कई शीर्ष नक्सली कैडरों को अब तक मौत के घाट उतारते हुए नक्सल कैंप ध्वस्त कर रहे हैं। बीते बुधवार को रातभर चले मुठभेड़ के बाद दूसरे दिन नक्सलियों ने गढ़चिरौली जिले में पुलिस मुखबिरी के शक में दामराचा गांव के निवासी अशोक लडलांडी को घर से उठाकर उसकी निर्मम हत्या कर मुख्य सड़क पर शव को फेंक दिया। घटनास्थल पर माओवादियों ने पर्चा भी फेंका है।



### एनआईए कर रही है जांच

बीते विधानसभा चुनाव के दौरान औंधी थाना क्षेत्र के सरखेड़ा निवासी भाजपा नेता बिरझू तारम की गांव में घुसकर नक्सलियों द्वारा किए गए हत्याकांड सहित मानपुर के बीहड़ों में नक्सलियों के नाम पर की गई अन्य हत्याओं को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए जांच में जुटी हुई है। इधर लगातार जिले की सीमा पर घातक नक्सलियों का मूवमेंट बढ़ा हुआ है।

### ऑपरेशन जारी

जिले के सभी थानों को अलर्ट किया गया है नक्सली मूवमेंट पर लगातार ऑपरेशन जारी है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के चारों ओर चौकसी बरती जा रही है।

**- वाईपी सिंग,** एसपी, मोहला-मानपुर

# सट्टा-पट्टी सहित युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सट्टा-पट्टी लिखने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 मार्च को थाना छुरिया क्षेत्रातंर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक क्लिनिक के सामने स्थित काम्प्लेक्स के पास एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई कर आरोपी संजय कुंभकार 31 साल को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 680 रुपए, सट्टा-पट्टी एवं डॉट पेन बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिले भर में अवैध शराब, जुआ सट्टा के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# वाहनों की जांच, संदिग्धों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। लगातार वाहनों एवं संदिग्धों की जांच पड़ताल की जा रही है। यातायात नियमों के विरूद्ध वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई अभियान भी तेज कर दिया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने हेतु बार्डर पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस टीमें महाराष्ट्र से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है। बागनदी बार्डर तथा जिले के सरहदी गांवों में जिला पुलिस बल एवं एसएसटी बलों के साथ टीमें तैनात की गई है।

### 144 मामलों में कार्रवाई

थाना बागनदी, डोंगरगढ़, चौकी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 28 मार्च को आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु, व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के कुल 144 प्रकरण में 44400 रुपए समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।



### संदिग्धों पर नजर

प्रदेश में आने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर नजर बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखते सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था।

# दुर्घटना का आरोप लगा फिल्मी स्टाइल में की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव शहर के मोहरा क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों में से एक आरोपी को बसंतपुर थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते चंद घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

शुक्रवार सुबह राजनांदगांव शहर के मोहारा बस्ती निवासी तुलसीराम अपनी दो पहिया टीवीएस वाहन पर सवार होकर छड़ एवं सीमेंट लेने एक हार्डवेयर की दुकान की ओर गया था, तभी वह सड़क किनारे खड़ा था, इसी दौरान पीछे से पल्सर मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति पहुंचे और तुमने हमारी गाड़ी को ठोकर मारा है कहकर विवाद करने लगे। दोनों आरोपी तुलसीराम से अपनी पल्सर मोटर साइकिल बनवाकर दो कहकर पैसे मांगने लगे। इस दौरान उन्होंने तुलसीराम की जेब में रखे 5 हजार रुपए और गले में पहने सोने का लॉकेट छीन लिया और उसे जबर्दस्ती अपनी मोटर साइकिल पर बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसे नंदई चौक से गंज चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए रेवाडीह क्षेत्र और वापस नंदई चौक लाकर उसे गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की और उसे वहीं छोड़कर चले गए।

राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि आरोपियों द्वारा तुलसीराम साहू पर उनकी गाड़ी से टक्कर होने का बेवजह आरोप लगाया गया। आरोपियों ने लूट की नियत से पूरी वारदात को अंजाम दिया। राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से अपील करते कहा कि इस तरह से अगर बेवजह किसी व्यक्ति द्वारा एक्सीडेंट किए जाने का आरोप लगाते हुए धमकी-चमकी देकर रुपयों की मांग की जाती है तो सतर्क रहते हुए तत्काल सूचना दें।



**आरोपी गिरफ्तार :** पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी और उसके एक अन्य साथी द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने की नीयत से तुलसीराम पर बेवजह एक्सीडेंट करने का आरोप लगाया गया और उससे लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपी बबलू उर्फ शंकर साहू के कब्जे से लूटी गई रकम 5000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया है। वहीं उसके एक अन्य साथी की तलाश की जा रही है।

### दो घंटे में पकड़ाए आरोपी

आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद प्रार्थी द्वारा मामले की रिपोर्ट पर बसंतपुर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों की तलाश में जुटी और सीसीटीवी फुटेज की मदद से 2 घंटे में ही पेंड्री निवासी एक आरोपी बबलू उर्फ शंकर साहू को गिरफ्तार कर लिया।

# तापमान पहुंचा 40: तपती गर्मी से मिलेगी राहत फिर बदलेगा मौसम, कल से बारिश के आसार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार बढ़ती गर्मी से फिर राहत मिलने की संभावना है। 40 डिग्री के पार पहुंच चुके तापमान में कुछ गिरावट के आसार दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव सहित इससे लगे इलाकों में कल और 1 अप्रैल के दिन बेमौसम बारिश की संभावना है। हल्की बारिश के चलते दिन के तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि शुक्रवार तक राजनांदगांव प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा। जिले का डोंगरगढ़ शहर 42 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश से उत्तर तमिलनाडु तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल शनिवार 30 मार्च को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 31 मार्च को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है।



### अन्य जिलों के लिए भी अलर्ट

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के अलावा आधे दर्जन से अधिक जिले के लिए भी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग द्वारा 31 मार्च को राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा, सूरजपुर, मुंगेली, बिलासपुर, कवर्धा, कोरबा, कोरिया, जीपीएम जिले में बारिश की संभावना जताई है। वहीं एक अप्रैल को राजनांदगांव के अलावा सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ इलाकों में बारिश देखने को मिल सकती है।

### लगातार बदल रहा मौसम

उल्लेखनीय है कि मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर मार्च महीने की शुरुआत से ही बना हुआ है। इस महीने दो दफा पहले ही बेमौसम बारिश देखने को मिली है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश के चलते किसानों को भी काफी नुकसान झेलना पड़ा था। अब फिर से मौसम में आने वाले बदलाव के संकेत ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। हालांकि इस बार किसान बारिश की संभावना को देखते हुए अपनी तैयारी में लग गए हैं।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
ब्रेन एवं स्पाईन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. विवेक शर्मा
(Mch. Neurosurgery)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन
- लकवा, स्ट्रोक
- मिरगी (फिट्स)
- सिर का चोट (हेड इन्जुरी)
- रीढ़ की हड्डी की चोट
- स्पोंडोलायसिस
- ब्रेन हेमरेज
- ब्रेन ट्यूमर एंड स्पाईन ट्यूमर
- बच्चों के कमर में गठान
- साईटिका, स्लीप डिस्क
- बच्चों के सिर का बड़ा होना एवं पानी भरना
- हाथ पैर में दर्द एवं झुनझुनी
सभी प्रकार के नसों से संबंधित रोगों का इलाज
प्रति शनिवार :- दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक
हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
अपॉइंटमेंट हेतु नंबर :
7744356654, 8103256538
स्टेडियम रोड, बसंतपुर चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

खबर संक्षेप

## बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम कल

**डोंगरगांव।** डड़सेना सिन्हा कलार समाज की तहसील स्तरीय बैठक एवं होली मिलन समारोह आगामी 31 मार्च को सिन्हा भवन डोंगरगांव में रखा गया है। मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि सर्वप्रथम देव पूजन के बाद प्राप्त आवेदन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, कोषाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, सचिव गोकुल सिन्हा, जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा शामिल होंगे।

## कार्यालय के लिए भवन की तलाश



**डोंगरगढ़।** भाजपा के चुनाव कार्यालय के लिए लाल बहादुर नगर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना ने संभावित स्थानों का मुआयना किया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, रामाधीन देवांगन, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, वेदराम ताम्रकार, घनश्याम वैष्णव, अशोक वर्मा, देवेन्द्र यादव उपस्थित थे।

## लाभार्थियों के घरों में झंडा लगाएगी भाजपा



**डोंगरगढ।** शहर भाजपा के बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रमुखों की बैठक चुनाव कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा संयोजक सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सह संयोजक सुनील कुमार जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा आदि शामिल हुए। बैठक में सभी को 30 को सभी बूथ में पार्टी कार्यकर्ताओं, लाभार्थियों एवं भाजपा समर्थकों के निवास में झण्डा लगाने पर चर्चा किया गया।

## राज्य की टीम में सेवती शामिल

**कलकसा।** पटना में आयोजित



होने वाली 33 वीं नेशनल सब जूनियर कबड्डी चैंपियन शिप में छत्तीसगढ़ की टीम से खेलने के लिए कोहलाकसा की सेवती यादव का चयन हुआ है। यह छात्रा सेवती यादव छत्तीसगढ़ की टीम से खेलेगी। उसके इस मुकाम तक पहुँचाने में पिता चुम्मन लाल यादव, माता पुनिता यादव तथा कोच मनोज कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। ग्राम विकास संस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार यादव, ग्राम पटेल जनक राम कुंजाम, चैतराम कुंजाम, बृजभान साहू, शिवेन्द्र साहू तथा सरपंच नीलेश कुमार गायत्रे ने उन्हे बधाई दी है।

## मनाया शहादत दिवस



**डोंगरगढ़।** तेंदुभाठा में राजागुरु गुरु बालकदास बाबा के शहादत दिवस पर आरती किया गया। इस मौके पर गुरु बाबा का जीवन परिचय पेश किया गया। कार्यक्रम में गांव के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सहित गुरु अमरदास सागर पंथी पार्टी तेंदुभाठा शामिल हुई।

## राजकुमारी का निधन

**डोंगरगांव।** वार्ड 6 सेवतापारा



निवासी तथा नगर पंचायत की सेवानिवृत्त कर्मचारी राजकुमारी उर्फ गुड्डी बिछिया का 70 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। वह रवि बिछिया की माता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खांडेकर की बहन थी। श्रीमती का अंतिम संस्कार कल शनिवार को मुक्तिधाम में होगा।

### शहर में तार-तार हो रहा स्वच्छता अभियान

# स्वच्छता अभियान फेल, सड़क किनारे गंदगी, बदबू से परेशानी

### स्वच्छता की ओर अधिकारियों का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

एक ओर स्वच्छता अभियान का ढिढ़ोरा पीटा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ मुख्य मार्गों में कुछ वर्षों से कचरा डालकर शहर की तस्वीर को बदसूरत किया जा रहा है।

यहां से गुजरने वाले लोगों को सड़क के किनारे कचरा दिखाई देता है। गौरतलब है कि गंदगी से उपजने वाली बीमारियों को देखते हुए बीते कुछ सालों से सफाई पर खास ध्यान दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने बकायदा स्वच्छता अभियान भी शुरू कर रखा गया है।

प्रशासन द्वारा यदाकदा अभियान को गति देने का प्रयास किया जाता है परंतु नगर की पहचान इन दिनों कचरे से हो रही है। कवर्धा से गंडई आने वाले मुसाफिरों को रपटा पुल के पास सड़क किनारे गंदगी देखते हुए आना पड़ता है। इसी प्रकार राजनांदगाँव की ओर आने वाले मार्ग में तहसील आफ़सि और बिजली आफ़सि के बीच में सड़क किनारे निकाय द्वारा फेंके गए कचरे और बदबू से लोगों को दो चार होना पड़ता है।



### खराब हो रही छवि

उल्लेखनीय है कि कि विदेशों से आने वाले सैलानी गंडई से नर्मदा होते हुए कान्हा केसली जाते है। सड़क किनारे डंप गंदगी को देखकर नगर की छबि खराब हो रही है। प्रतिदिन मॉर्निंग एवं इवनिग वाक में जाने वाले वरिष्ठ एवं युवाओं गंदगी देखते और बदबू झेलते हुए जाना पड़ता है।

### गड्ढा पाटने डाला कचरा

नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने बताया कि रपटा के पास सड़क किनारे गड्ढा था जिसे पाटने के लिए कचरे को डंप किया गया है। निकाय के पास कचरा से खाद बनाने का सिस्टम नही है जिसके कारण कचरे को डंप करना पड़ता है। सीएमओ को बोलकर सड़को से गंदगी हटवाया जाएगा।

### मदिरा प्रेमी बढ़ा रहे गंदगी

सरकारी शराब दुकान के पास पानी पाउच, डिस्पोजल और खाने के सामान बेचा जाता है जिसे मदिरा प्रेमी लेते है और शराब सेवन करने के बाद गंदगी फैला कर चले जाते है। बड़ी तादात में पाऊच, डिस्पोजल आदि नगर में गदगी में बढ़ा रहे है। इसी प्रकार चखना संचालक मुर्गी के पंख एवं अन्य अवशेषों को नहर में फेंक देते है जिससे हमेशा बदबू आते रहती है। यह गंदगी दिन ब दिन बढ़ते जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में 2 मणिकचंन केंद्र है जिसमे 32 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा निकाय में 14 सफाई कामगार कार्यरत हैं। कचरा कलेक्शन के लिए वाहनों की व्यवस्था भी है। सफाई पर निकाय द्वारा लाखों रुपए खर्च किया जाता है। तमाम व्यवस्था के बाद भी कचरे का सही निष्पादन नहीं हो पा रहा है।

# वाहन जांच चौकी का किया औचक निरीक्षण

### संदिग्ध वाहनों पर नजर रखने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य एवं जिला की सरहद पर दो एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया जा रहा है। शुक्रवार को खैरा नर्मदा वाहन जांच स्थल का कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तैनात अधिकारी को संदिग्ध लोगों का पैनी नजर रखते हुए वाहनों की जांच करने कहा। वाहन से मादक एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन पर नजर रखने एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करवाने कहा। अधिकारियों ने वाहन जांच रजिस्टर का अवलोकन कर सभी वाहनों की फोटो ग्राफी करने कहा। इस मौके पर एसडीएम रेणुका रात्रे, जनपद सीईओ जेएस राजपुत, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले, गंडई थाना प्रभारी यादव आदि मौजूद थे।

## सामाजिक सम्मेलन आज

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ झाड़े गडरिया धनकर समाज का सामाजिक सम्मेलन कल 31 मार्च को लाल बहादुर नगर में आयोजित किया गया है। झाड़े गडरिया धनकर समाज की कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोविंद धनगर, उपाध्यक्ष कृपाराम धनगर, कोषाध्यक्ष दयाराम धनगर, सचिव नरेंद्र निवाल, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र धनगर, राकेश बीट, प्रवक्ता शंकर धनकर, कानूनी सलाहकार लालचंद धनकर, संरक्षक समारू धनगर हैं। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ में अध्यक्ष गौरव धनखड़, उपाध्यक्ष थानेश्वर धनखड़, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र धनखड़, सचिव संतोष धनखड़ हैं।

# मोहारा स्कूल में प्रतिदिन न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में न्यौता भोज के रूप में बच्चों को हेमिन यादव, मुंगेशी निषाद, पुष्पा निषाद, सुकवंतीन निषाद द्वारा संयुक्त रूप से बिस्किट प्रदान किया गया। साथ ही शा.प्रा. शाला मोहारा में 29 फरवरी 2024 से 18 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन न्यौता भोज पालकगण एवं शिक्षकों द्वारा स्कूली बच्चों को दिया जाएगा।

सरिता अवधेश प्रजापति द्वारा मौसमी फल केला, धनेश सोनकर हरी सब्जी, कल्पना देवांगन और राधा देवांगन द्वारा हलवा-पूरी, खोमेश सोनकर द्वारा अंकुरित चना मूंग, भानुप्रताप साहू शिक्षक द्वारा मटर-पनीर, रामेश्वर सोनकर बूंदी-सेव, लालिमा देवांगन छात्रा चॉकलेट, शिवकुमार सोनकर द्वारा मौसमी फल तरबूज, पपीता, मंजू सोनकर एवं सुधा माहेश्वरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा हलवा, अखिलेश देवांगन द्वारा पौष्टिक सलाद प्रदान किया गया।



### आयोजन से बच्चों में खुशी

23 मार्च से जितेंद्र प्रजापति चॉकलेट, गोदावरी मोतीलाल देवांगन द्वारा बिस्किट, वर्षा देवेंद्र शर्मा द्वारा सेवई पूड़ी, शिक्षिका ठनेश्वरी साहू द्वारा मिठाई, शिक्षिका डिगेश्वरी साहू द्वारा मिठाई एवं केला फल, एमडीएम सचिव मीना सोनकर द्वारा मौसमी फल केला, रबिता निषाद द्वारा चना सेव, दिनूलाल सोनकर द्वारा चॉकलेट, संकुल समन्वयक सुनील कुमार साहू द्वारा पुलाओ, प्रधान पाठक हरिराम साहू द्वारा लड्डू, उमा पड़ौती द्वारा बिस्किट, जितेंद्र प्रजापति द्वारा पापड़, सविता प्रजापति द्वारा हलवा, कामिनी यादव द्वारा चॉकलेट, लोकेश्वर साहू शिक्षक द्वारा गुलाब जामुन, रैनकुमार यादव द्वारा बिस्किट व चना, फल्लीदाना, कलिन्द्री सोनकर, सविता यादव, कुसुम देवांगन तीनों रसोइया द्वारा अंगूर, बिस्किट व चना-फल्लीदाना प्रदान किया जाएगा।

# गड़बड़ी की जांच का आदेश ठंडे बस्ते में

### सोसाइटियों में जमकर हुआ फर्जीवाड़ा, जांच होने पर कई आएंगे कार्रवाई के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस शासन काल में समितियों में राशि का दुरूपयोग, स्थानांतरण, पदोन्नति में खेल, किसान चौपाल के नाम पर राशि का दुरूपयोग एवं सामाग्री खरीदी के नाम पर फर्जीवाड़ा जांच के दायरे में है किन्तु सत्ता बदलने के बाद भी अब तक जांच भी शुरू नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासन काल में किसान सम्मेलन, जन चौपाल एवं सामग्री खरीदी में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया था। वहीं समिति प्रबंधकों की सांठगांठ से प्रभावशाली लोगों के नाम पर बीमा दर्शाकर लाखों का आहरण किया गया है। भाजपा सरकार बनने के बाद मामले की शिकायत उप पंजीयक से हुई थी जिन्होंने समिति प्रबंधकों को हिसाब देने का आदेश जारी किया था। जिला पंचायत की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाते हुए जांच की मांग की गई थी लेकिन अब तक जांच शुरू नहीं पाई है।

### बाहर का धान खपा

कोचियों ने प्रबंधकों से सांठगांठ कर महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश का धान खपाया है। धान खरीदी के दौरान नमी मापक यंत्र, मैदान समतलीकरण, तालपत्री खरीदी, भूसा खरीदी के नाम पर राशि आहरण करने के मामले में नोडल अधिकारी एवं सुपरवाईजरों की भूमिका रही है। जानकारी के अनुसार लाल बहादुर नगर, डोंगरगढ नगर ग्रामीण शाखा के अलावा मेढ़ा एवं मोहारा बैंको के अधीन आने वाली कई समितियों में फर्जीवाड़ा कर राशि आहरण करने की बात सामने आई है। कांग्रेस शासनकाल में कर्जा माफ के दौरान भी कई समितियों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर शासन को चूना लगाया है। गौरतलब है कि छिपा सोसायटी के प्रबंधक गोवर्धन वर्मा ने हाल ही में आत्महत्या कर लिया था। आत्महत्या करने की वजह धान के शार्टेज होना बताया जा रहा है। इस मामले की जांच के लिए अब तक अपेक्षित पहल नहीं हो सकी है। इसी प्रकार किसानो के नाम से मोहारा सहकारी बैंक से फर्जी लोन निकालने का मामला सामने आया था। यहां अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कोचियों की सांठगांठ से लाखों का धान बेचा गया साथ ही कागजों में ही धान स्टाक दर्शाकर राशि का आहरण कर लिया गया।

### सम्मेलन के नाम पर बंदरबांट

समितियों का राजनीतिक उपयोग करते हुए किसान सम्मेलन एवं जन चौपाल का आयोजन कर सोसायटी की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगा। परिवहन, भोजन, गमछा वितरण एवं ठहरने की व्यवस्था के नाम पर राशि का आहरण किया गया। इसके अलावा तीन साल के कार्यकाल में समिति प्रबंधक, कर्मचारियों की पदोन्नति एवं स्थानांतरण में भी गड़बडी किया गया है। नियम को दरकिनार कर ऋण वितरण एवं समिति प्रबंधको ने किसानों के नाम पर फर्जी लोन प्रकरण बनाने के मामले सामने आए थे।

### जांच ठंडे बस्ते में

शिकायत के बाद जांच आदेश जरूर जारी हुआ था। नोटिस जारी करने के बाद मामले को दबाने का प्रयास शुरू हो गया है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के कारण अधिकारियों ने भाजपा नेताओ के साथ सेंटिंग कर पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया है।

## स्वर्गरथ बनकर तैयार



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन एवं मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति ने स्वर्ग रथ का निर्माण कराया है जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा।

# भाई दूज पर कायस्थ समाज ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

होली के पश्चात भाई दूज के अवसर पर कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया। आरती के बाद कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इस दौरान कायस्थ समाज के संरक्षक एके बख्शी, अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव, राजकुमारी बख्शी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोमास्ता, अरूण श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, संदीप गोमास्ता, राजेश श्रीवास्तव, दीपेंद्र गोमास्ता, प्रशांत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, रितेश सक्सेना, रितेश श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, मनीष गोमास्ता, स्वधा, अक्षत सहित अन्य उपस्थित थे।



# सीनियरों को जूनियरों ने दी विदाई

**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तम के भैया बहनों ने अष्टम के विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक विदाई दिया। प्रबंधन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हेमराज सिन्हा, व्यवस्थापक अलखराम साहू, कोषाध्यक्ष छन्नूलाल हिरवानी ने मां सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सातवीं की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने म्यूजिक बोतल, गुब्बारा, मोमबत्ती फूंक एवं पर्ची उठाकर अभिनय प्रस्तुत किया। इस मौके पर बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर सिमरन ठाकुर, बेस्ट इंटेलिजेंट दीपा सोनकर, बेस्ट प्लेयर ऋषभ सोनकर, बेस्ट अनुशासन ज्योति सोनकर एवं बेस्ट सिंगर अर्चना निषाद को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। श्री साहू ने गीत के माध्यम से अपनी बात कही। श्री हिरवानी ने अधिक से अधिक मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में प्रधानाचार्य डामन जोशी ने अपने विचार रखे। समारोह में ज्योति तिवारी, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, इंद्रजीत साहू, अर्चना यदु, डिकेश साहू, देवकी देवांगन, भूपेश्वरी साहू, तोरण सोनकर, प्रियंका देशमुख एवं नेहा सोनकर उपस्थित थी।



### सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता शुक्रवार सुबह वार्ड नं. 38 व 39 के सागरपारा, ढीमरपारा, बांसपाई पारा, ब्राम्हणपारा, आजाद चौक में साफ-सफाई एवं चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेकर लोगों से रूबरू होकर नल में पानी आने की जानकरी ली और अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील की।

आयुक्त श्री गुप्ता सागरपारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथकीकरण करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अलावा शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने सेंटर प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान लचर व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते संबधित



संचालक से कहा कि देखरेख करने वाले को हटाकर दूसरा रखे। उन्होंने वार्डों में हाजिरी रजिस्टर की जांच कर सभी कर्मचारियों की फोटो लगाने, अनुपस्थित कर्मचारी पर कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई कराएं, कचरा प्रतिदिन उठावे। गौशाला के सामने गली में नाली जाम की शिकायत पर चेम्बर हटाकर सफाई कराने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता ज्योति साहू व तिलक राज ध्रुव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा राजस्व अमला उपस्थित था।

### कर्मियों को दिया निर्देश

आयुक्त गुप्ता सागरपारा, ठेठवारपारा, ब्राम्हणपारा, सोनारपारा में लोगों से रूबरू होकर नल में पानी आने की जानकारी ली, जिन घरों में कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हुई, उसका जल्द निराकरण करने निर्देशित किया। उन्होंने करदाताओं के डिमांड की जांच कर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से वसूली करने तथा करदाताओं से अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील की। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान सागरपारा, ढीमरपारा में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण देख संबंधित ठेकेदार का बिल तैयार कर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नार कन्हैया नाला निर्माण कार्य चुनाव आचार सहिता के बाद तत्काल प्रारंभ कराने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देशित किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल आज आएंगे



**डोंगरगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल कल 30 मार्च को क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। वह अंचल के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जानकारी कल 30 मार्च को दोपहर दो बजे से अर्जुनी में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक के बाद आरी में आयोजित जिला स्तरीय ग्राम पटेलों की सभा में शामिल होंगे। श्री बघेल तुमडीबोड में कांग्रेसजनों की बैठक में शामिल होंगे। विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष चेतन साहू, देशराज जैन, गुलाब वर्मा, प्रियंक जैन, अखिलेश नखत, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, श्रुति शुक्ला, संजय संचेती, बलिराम साहू मदन साहू आदि ने कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### नलकूप के खनन पर 31 जुलाई तक रोक

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस जयवर्धन ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 27 मार्च से 31 जुलाई तक नलकूप खनन पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उन्होंने यह आदेश छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। जारी आदेशानुसार उक्त अवधि के लिए जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। नियमानुसार जिले में उक्त अवधि में सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के पूर्वानुमति के बिना नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा।

### विवि को ग्रेडेशन में सी रैंक मिलने से लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

# विवि के गिरते स्तर पर संगीत नगरी में पनपा आक्रोश, कुलपति से मांगा इस्तीफा

### लोगों में नाराजगी कुलपति को लेकर उठ रहे सवाल

### कार्यकारिणी व कार्यकारी सदस्यों ने सीधे तौर पर इसके लिए विवि प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नौ साल पहले 2014 में बेहतर शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश में सर्वाधिक अंक लेकर ए रैंक हासिल करने वाले इंदिरा कला संगीत विवि को इस दफे नैक ग्रेडेशन मे सी रैंक मिलने से लोगों का आक्रोश संगीत विवि प्रशासन पर फूट पड़ा है।

संगीत विवि की दुर्गति और साख गिराने वाले जिम्मेदारों पर कारवाई की मांग भी जोर पकड़ रही है। गौरतलब है कि बीते 12 से 15 मार्च तक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने विवि का ग्रेडेशन तय करने लगातार तीन दिनों तक दस्तावेजी निरीक्षण सहित अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जिसके बाद रैंक दिया है। दस साल पहले जिस विवि को बेहतर प्रदर्शन के चलते ए रैंक हासिल हुआ था उसके एकदम से नीचे गिरने पर लोगों को अचरज हो रहा है वही उनकी नाराजगी भी जोरों से विवि प्रबंधन पर फूट रही है।

संगीत विवि शहर की पहचान है उसकी साख पर नैक ग्रेडिंग के चलते बुरा प्रभाव पड़ने से चिंतित लोग विवि प्रशासन के खिलाफ मुखर हो गए है। पुराने कार्यकारिणी व कार्यकारी सदस्यों ने सीधे तौर पर इसके लिए विवि प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पूर्व जानकारी के बाद भी बेहतर व्यवस्था तैयार नही की गई। काबिल लोगों को दरकिनार कर जी हूजूरी करने वालों को नैक टीम से चर्चा की जिम्मेदारी दी गई जिसके कारण प्रेजेंटेशन सही ढंग से नही हो पाया। जानकारों को जवाबदारी नही दी गई।

#### पड़ेगा गहरा असर

ग्रेडिंग में रेंक गिरने से यूजीसी से मिलने वाली ग्रांट मे कमी होगी। नैक ग्रेडेशन के आधार पर बेहतर व्यवस्था का आकलन कर दूसरे प्रदेशों और देश से यहां पढ़ने आने वाले बच्चों की संख्या कम होगी। शोध सहित अन्य कार्यों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा और आने वाले सालों में संगीत विवि की साख में सीधे तौर पर इसका प्रभाव दिखेगा। तीन दिनों तक दल ने संगीत विवि की व्यवस्था को बारीकी से परखा और अपनी रवानगी से पहले कुलपति, कुलसचिव सहित सभी कार्यालयीन व शैक्षणिक स्टाफ की बैठक में सीधे तौर पर कहा कि संगीत विवि तालमेल और आपसी सामंजस्य के अभाव में अपनी क्षमतानुरूप प्रदर्शन नही कर पा रहा है। उस दौरान ही यह बात स्पष्ट हो गई थी कि विवि प्रशासन कुप्रबंधन और भाई भतीजावाद के चलते नैक की अपेक्षाओं में खरा नही उतर पाएगा। ग्रेडिंग को लेकर परिषद 70 अंक आनलाईन प्रेजेंटेशन और 30 अंक भौतिक सत्यापन के लिए तय था इस लिहाज से देखे तो संगीत विवि दोनों मामलों में फेल हो गया। समीक्षा बैठक में सभी एक दूसरे पर इसका ठीकरा फोड़ते दिखे।


यूजीसी से मिलने वाली ग्रांट में होगी कमी
कुप्रबंधन का खामियाजा, संगीत विवि को मिला नैक में 'सी ग्रेड'
संगीत विवि की साख पर सीधे तौर पर पड़ेगा प्रभाव


#### दस हजार देकर करा सकते हैं दोबारा अवलोकन

नैक टीम द्वारा सी ग्रेड देने के बाद संगीत विवि प्रशासन के पास अंतिम अवसर के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद में दस हजार रूपए जमा कर दुबारा अवलोकन के लिए अवसर बचा है। इस नियम के तहत नैक टीम छै महीने बाद दुबारा परिसर पहुंचेगी, ग्रेडिंग को लेकर निर्धारित बिंदुओं के आधार पर दुबारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखेगी उसमे संतुष्टि के बाद ही ग्रेडिंग कम ज्यादा हो सकता है, लेकिन यह रैंक भी महज दो साल के लिए होगा। लोगों में जिस प्रकार से संगीत विवि की साख पर दुष्प्रभाव से नाराजगी देखी जा रही है उस हिसाब से संभावना है कि विवि प्रशासन इसी प्रक्रिया को लेकर आगे कारवाई करेगा।

#### व्यवस्था होने के बाद किया अनाप-शनाप खर्च

निरीक्षण के लिए संगीत विवि पहुंचे टीम के पांच सदस्यों को परिसर में सर्वसुविधायुक्त वीवीआईपी गेस्ट हाऊस होने के बाद राजधानी के इंटरनेशनल होटल में रूकवाया गया। आने जाने के लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग लक्जरी गाड़ियां उपलब्ध कराई गई जिसका पूरा खर्च विवि प्रशासन ने उठाया। जबकि 2014 में पहुंची टीम ने उसी गेस्ट हाऊस में रूककर सुबह शाम परिसर का अवलोकन किया, स्टुडेंट्स से रूबरू होकर फीड बैक लिया। अलग-अलग संकायों में जाकर वहां की व्यवस्था परखने का असर ग्रेडिंग मे दिखा और ए रेंक मिला जबकि इस दफे नैक टीम की आवभगत में ही लाखों रूपए खर्च कर दिखावा करने विवि प्रशासन ने कोई कोर कसर नही छोड़ा। शानदार इंटरनेशनल होटल में रूकवाने, लक्जरी गाड़ियों में लाने ले जाने, आवभगत करने में विवि प्रशासन मूल काम से विलग हो गया और आवभगत के बहाने ग्रेडिंग हासिल करने की मंशा पर पानी फिर गया। वही यह भी पता चला है कि प्रभारी कुलसचिव ने भी जानकारी के अभाव में नैक टीम का पूरी तरह जिम्मेदारी से सामना नही किया और सवालों से बचने दूसरे दिन ही बीमारी का बहाना कर घर लौट गई।

#### कुलपति के कारण विवि बदहाल



कांग्रेस राज में अयोग्य को संस्था प्रमुख की जिम्मेदारी देने का नतीजा है कि विवि सम्मान बचाने संघर्षरत है। राजपरिवार के अप्रतिम दानशीलता के प्रतीक संगीत विवि वर्तमान कुलपति और उनके पति सुपर कुलपति के राज में बदहाल हो गया है। अविलंब इन्हें हटाकर काबिल और जिम्मेदार को विवि की कमान सौंपने की आवश्यकता है। - **सचिन बघेल,** अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक

#### सुधार पर करेंगे फोकस




ग्रेडिंग को लेकर कमियों के संबंध मे विवि प्रशासन से चर्चा बाद इसे दुरूस्त करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। कारणों के पीछे भागने की अपेक्षा सुधार पर फोकस के लिए कहा जाएगा।
- **यशोदा वर्मा,** विधायक

#### विवि का गिरा स्तर



पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रोफेसरशिप का अनुभव, प्रशासनिक जानकारी के अभाव वाले को उपकृत करने कुलपति की जिम्मेदारी सौंपी जिसका खामियाजा संगीत विवि को उठाना पड़ रहा है। समय रहते प्रदेश सरकार से इस दिशा मे पहल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा ताकि कला संगीत को लेकर संगीत विवि श्रेष्ठता बने रहे। - **घम्मन साहू,** अध्यक्ष जिला भाजपा

#### कुलपति दे इस्तीफा



कुलपति की गलत नीतियों के कारण पूर्वजों की दानशीलता और शहर का गौरव गर्त में जा रहा है। अयोग्य के हाथ में संस्था की बागडोर सौंपने से संस्था का क्या होता है यह इसका उदाहरण है। यूजीसी के निर्धारित नियम अनुसार योग्यता नही रखने के बाद भी कुलपति के पद पर बने रहना शोभा नही देता इसलिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल त्यागपत्र देना चाहिए।
- **लाल राजेन्द्र सिंह,** पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, विवि

## कायस्थ समाज ने मनाया भाई दूज पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाई-बहन के अटूट प्यार का भाईदूज त्यौहार कायस्थ समाज द्वारा परंपरागत तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया। कायस्थ समाज के वरिष्ठ संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष में दो बार यानि दीपावली तथा होली के एक दिन बाद होने वाले द्वितीया तिथि के दिन कायस्थजनों द्वारा भाईदूज त्यौहार को रीति-रिवाज के साथ मनाया जाता है। इस दिन कायस्थजनों के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की हर घर एवं मंदिर में परंपरागत पूजा-अर्चना की जाती है। बुधवार को संध्याकाल में जमातपारा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के मंदिर में चित्रांशजनों द्वारा पूजा आरती की गई। घरों में बहनों ने भाई के माथे पर अक्षत तिलक किया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और लंबी आयु और सुखी जीवन की मंगलकामना की। वहीं श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थजनों की उपस्थिति में सामूहिक आरती और प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्णा श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, शैलेष श्रीवास्तव, आदेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, देवेंद्र मोहन लाला, देवेंद्र श्रीवास्तव, पोपटलाल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, निशांत श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, नागेश श्रीवास्तव, क्षितिज मोहन, कृष्ण मोहन, सविता श्रीवास्तव, डाली श्रीवास्तव, निरुपमा श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, लीना श्रीवास्तव, चंद्रकली श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

#### संरक्षक विमला को दी श्रद्धांजलि

हाल ही में कायस्थ समाज की वरिष्ठ संरक्षक विमला देवी का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया, जिन्हें वरिष्ठ संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव गुरूजी के मार्गदर्शन में चित्रांशजनों द्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर के बाहर सामुहिक रूप से दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## युवक की हत्या कर दफन कर दिया था शव, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

आपसी विवाद पर आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव को जमीन में दफन कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका अधियारी पाट पहाड़ी के नीचे जंगल में गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबाए गए शव के संबंध में पुलिस को सूचना मिलने पर शव को निकाला गया। मृतक की शिनाख्ति डोमेश्वर साहू 35 वर्ष ढाबा निवासी के रूप में की गई। मृतक के परिजन के बयान के आधार पर मृतक का मोबाइल का उपयोग करने वाले आरोपी समीर ठाकुर निवासी बानी नवागांव धमधा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया।



#### फावड़ा-कुदाली जब्त

विवेचना के दौरान आरोपी समीर से मृतक का मोबाइल तथा आरोपी धनंजय से मृतक के मोबाइल बिक्री किए रकम को जब्त किया गया तथा प्रकरण के मुख्य आरोपी धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास एवं युगल कुमार ठाकुर से घटना समय पहने कपड़ा एवं शव ले जाने में उपयोग किया गया साइकिल तथा शव को दफनाने में उपयोग गए गए फावडा-कुदाली को जब्त किया गया है। प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल निरूद्ध किया गया है।

#### पहले छिपाया फिर जमीन में दफनाया

समीर के निशानदेही पर धनजंय कुमार साहू ग्राम ढाबा निवासी को पूछताछ करने पर धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास एवं युगल कुमार ठाकुर द्वारा डोमेश्वर साहू की हत्या करना बताया गया, जिस पर तीनों आरोपियों से हत्या के संबंध में पूछताछ किया गया। आरोपियों ने बताया कि 31 जनवरी को ढाबा निवासी आरोपी युगल कुमार ठाकुर के घर में सगाई का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद रात्रि 8 बजे गुटखा खाने एक दुकान गए थे, जहां डोमेश्वर साहू के साथ तीनों आरोपियों का विवाद हुआ, जिस पर आरोपी मृतक को गांव के भाठापरिया मुरूम गड्ढा में ले जाकर हाथ मुक्का, लात, पत्थर से मारकर कर हत्या कर दिए। शव को नहर- नाली में छुपाकर रखे थे, फिर खाना खाने वापस अपने घर आए और सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर खाना खाकर आरोपी धरमू ठाकुर और रितेश श्रीवास साइकिल से नहर-नाली के पास पहुंचकर शव को छिपाकर रखे स्थान से निकालकर साइकिल में रखकर नहर-नाली रास्ता से होते हुए अंधियारी पाठ पहाड़ी जंगल की ओर ले जाकर वन विभाग के खोदे गए नाली में डालकर पत्ते एवं झाडियों से छुपा दिए। मुख्य आरोपी धरमू ठाकुर और युगल ठाकुर पुणे महाराष्ट्र के न्यायालय में हत्या के प्रकरण में पेशी हेतु गया था, जहां से कोर्ट में पेशी देकर 3 फरवरी को वापस ढाबा आकर शाम को आरोपी धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास, युगल ठाकुर मिलकर लाश से बदबू आने तथा लाश की पहचान होने और पकड़े जाने के डर से लाश को अंधियारी पाठ पहाड़ी कोहका जाकर जंगल झाड़ी के पास खड्डा खोदकर दफना दिए।

### लायजनिंग अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण के उनके आगमन एवं आवश्यक समन्वय करने लायजनिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन के लायजनिंग अधिकारी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग जीडी रामटेके, व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन के लायजनिंग अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्रीकांत चन्द्राकर, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार के लायजनिंग अधिकारी थाना प्रभारी थाना गैंदाटोला संलग्न पुलिस लाईन राजनांदगांव ओमप्रकाश ध्रुव रहेंगे।

### पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश

## आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता शुक्रवार को अपने कक्ष में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में चल रहे निर्माण कार्यों एवं योजना के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं लोकसभा निर्वाचन के लिए पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार सहिता लागू हो चुकी है, इसलिए किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ न किया जाए तथा लोकसभा निर्वाचन के लिए सभी पोलिंग बूथों में आवश्यक मरम्मत के अलावा रैम्प, शौचालय, बिजली, पानी आदि व्यवस्था की जांच कर उपरोक्त व्यवस्था दुरूस्त करें। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं व उप अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करें तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिन कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाए हैं, उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा नया फार्मेट जारी किया गया है। जिसके आधार पर जानकारी भेजे।

उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फस्ट हाफ फील्ड में रहकर सभी कार्य की मानिटरिंग करेंगे तथा मेट को दिनभर रहकर कार्य की जानकारी लेने निर्देशित करेंगे। ठीक से कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें तथा प्रतिदिन के कार्यों की ग्रुप में फोटो शेयर करें। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रगति से अवगत कराएंगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। जिससे आगे के कार्य कराने राशि जारी हो सके।



#### कार्यों में लाएं प्रगति

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यों में प्रगति लाएं एवं जिन ठेकेदारों के द्वारा अधूरा कार्य किया गया है, उन्हें नोटिस जारी कर कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं से कार्य की प्रगति की नियमित रूप से जानकारी लें, उसके आधार पर स्थल निरीक्षण करें और कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता पिंकी खाती, उप अभियंता दीपक महला, सुषमा साहू, ज्योति साहू, आयुषी सिंह, अनिमेष चंद्रकार, तिलक राज ध्रुव, अशोक देवांगन, डागेश्वर कर्ष, अनुप पांडे उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सह साधन परीक्षा में ब्लॉक से 40 बच्चों का चयन, 23 जून को कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बीईओ ऑफिस ने कराई विशेष तैयारी

विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के विशेष प्रयास से राष्ट्रीय सह साधन परीक्षा में ब्लॉक से 40 बच्चों का चयन हुआ है। इसके लिये शिक्षा विभाग द्वारा जून 23 मे विशेष कार्यशाला का आयोजन कर प्रत्येक माध्यमिक शाला से विज्ञान और गणित के शिक्षकों को धमधा ब्लॉक के उच्च वर्ग शिक्षक पवन सिंह ने विशेष मार्गदर्शन साथ परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण दिया था।

कार्यशाला उपरांत शालाओं मे छात्र- छात्राओ को बीते 8-10 वर्षो का अनसॉल्ड पेपर से तैयारी कराने के साथ नोडल शिक्षकों द्वारा पढ़ने और पढ़ाने के तरीका बताने के अलावा छात्र- छात्राओ को नोट्स तैयार कराया गया जिसके परिणाम स्वरूप खैरागढ़ विकासखंड से पहली बार एक साथ 40 बच्चो का चयन हुआ है। संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम सिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय सह साधन परीक्षा का परिणाम समर्पित शिक्षकों के योगदान से ही संभव हुआ है। आगामी सत्र में इससे बेहतर परिणाम लाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि परीक्षा में शामिल होने ब्लॉक से 1081 बच्चों का आवेदन जमा किया गया था। प्रतियोगी परीक्षा में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत बच्चे जिनके पालक की वार्षिक आय डेढ़ लाख से कम थी उन्हें ही शामिल किया गया।

#### एक हजार रुपए मिलेगी छात्रवृत्ति

केंद्र सरकार द्वारा संचालित और प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजना अंतर्गत परीक्षा में उत्तीर्ण और चयनित बच्चों को प्रत्येक माह 1 हजार रू के हिसाब से छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा का प्रश्न पत्र तार्किक, मानसिक योग्यता को मापने और विषय आधारित जैसे गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान पर आधारित था। उल्लेखनीय है कि परीक्षा में प्रकाशपुर और बइहाटोला के चार चार बच्चों का चयन हुआ है। चयनित छात्र- छात्राओ को जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम सिंह राजपूत, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी केएल अमेला, खंड श्रोत समनव्यक सुजीत सिंह चौहान, बक्शी स्कूल प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, कमलेश्वर सिंह सहित अन्य ने बधाई दी है।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम सभागृह में जिलाधीश संजय अग्रवाल के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान एवं मतदान के लिए प्रेरित करने निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने शपथ ली। वहीं एसएलआरएम सेंटरों में स्वच्छता दीदीया रंगोली के माध्यम से मतदान करने संदेश देकर शत-प्रतिशत मतदान करने शपथ ले रहे हैं। आयुक्त गुप्ता के निर्देश पर नगर निगम सभागृह में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने अधिकारी-कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, समाज कल्याण अधिकारी भुपेन्द्र वाडेकर, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान करने शपथ ली।

## सार समाचार

### संसदीय क्षेत्र में भाजपा की दो बैठकें आज

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए जमीनी तैयारी को पुख्ता बनाने की दृष्टि से संसदीय क्षेत्र में कल 30 मार्च को दो महत्वपूर्ण बैठकें होने जा रही है। जिसमें आठों विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार दोपहर 1 बजे खैरागढ़ में पहली बैठक आहूत की गई है। जिसमें खैरागढ़, डोंगरगढ़, पंडरिया, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी के सदस्य एवं लोकसभा प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसी तरह दोपहर 3 बजे दूसरी बैठक राजनांदगांव लोकसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय महाजनवाड़ी में रखी गई है। बैठक में राजनांदगांव, खुज्जी, डोंगरगांव एवं मोहला-मानपुर-चौकी विधानसभा क्षेत्र के कोर कमेटी के सदस्य एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। दोनों बैठक में मार्गदर्शन देने हेतु भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय उपस्थित रहेंगे। बैठक में पार्टी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। इन दोनों बैठकों में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे, लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव सहित सभी वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहेंगे।

### आज होली मिलन कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा द्वारा कल 30 मार्च को रंग पंचमी अवसर पर कौरिनभांठा स्थित छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन में दोपहर दो बजे से होली मिलन का कार्यक्रम रखा जा रहा है। उक्त जानकारी देते छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राम्हण सभा जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष शरद तिवारी ने छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राम्हणों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने की शिकायत की गई है। डोंगरगांव निवासी दिग्विजय मिश्रा एवं जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम अपने प्रचार अभियान में झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि प्रदेश में राशन बंटना बंद कर दिया गया है। इससे लोग भ्रमित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की राशन दुकानों से खाद्यान्न मिल रहा है, फिर भी इस तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने इस आशय की शिकायत डोंगरगांव थाना में की है।



### 9 को निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 9 अप्रैल को दोपहर 2 बजे बालाजी मंदिर गंज लाईन से निकलने वाली शोभायात्रा के लिए प्रभारी बनाया। जिसमें मुख्य प्रभारी के रूप में शिव वर्मा, कमल साहू, डॉ. मिथिलेश शर्मा, राजेश शर्मा, नागेश यदु, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, ममता सोनी, अनुराधा अग्रवाल, ममता शर्मा शामिल हैं। छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी व छग मुख्य प्रभारी मौसमी शर्मा ने शोभायात्रा अवसर पर सनातन धर्म महिला की शहर व जिला कार्यकारिणी सनातन धर्म की घोषणा की। उक्त जानकारी छग प्रभारी मौसमी शर्मा ने दी।

### रंग लगाने के बहाने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़

**ठेलकाडीह।** होली के दिन एक नाबालिग लड़की को रंग लगाने के नाम पर अश्लील हरकत एवं छेड़खानी किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग लडकी होली के दिन करीबन चार बजे होली खेलने के लिए गांव में गई थी। इसी दौरान गांव के परमेश्वर वर्मा द्वारा पीड़िता को अपने पास बुलाकर पीडिता के साथ अश्लील हरकत करते हुये छेडखानी करने लगा। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना ठेलकाडीह में पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ठेलकाडीह धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में टीम ने आरोपी परमेश्वर वर्मा पिता गोंविंदराम वर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम ढाबा थाना ठेलकाडीह को गिरफ्तार किया। आरोपी को धारा 354 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट के धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए गुरुवार को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्रारूप-1 (हिन्दी व अंग्रेजी) में राजनांदगांव जिला अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत कार्यालय एवं ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रकाशन कर दिया गया है।

### पांच अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए अधिसूचना का प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को कलेक्टोरेट राजनांदगांव पहुंचकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इनमें निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पांडे, निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल शामिल हैं।

## पुलिस की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

# शराब कोचियों को छोड़ खरीददारों पर कार्रवाई से पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

होली त्यौहार के सप्ताह भर पहले से सरकारी शराब दुकान से अलग-अलग कारणों से शराब खरीदने वालों पर पुलिसिया कारवाई का कहर टूट रहा है। आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा से भी कम शराब लेने और ले जाने वाले ग्रामीण इसका ज्यादा शिकार बन रहे है।

जानकारी अनुसार बकायदा पुलिस ने इसके लिये देशी विदेशी शराब भट्टी के पास सादे कपड़ों में जवान तैनात किया है जो 4-5 पव्वा शराब लेकर डिक्की में डालते लोगों को पकड़ रहे है और घंटों थाने में बिठाकर रखने के बाद अलग-अलग धाराओं में केस बना रहे है जिसके चलते शराब शौकीन परेशान हो रहे है वहीं लोगों में पुलिसिया कारवाई को लेकर आक्रोश बढ़ते जा रहा है। उनका कहना है कि जब शासन ने सरकारी शराब दुकान से एक व्यक्ति को 3000 एमएल तक शराब चाहे वो 4 बोतल, आठ अद्धी या सोलह पव्वा के रूप में हो खरीदने और लाने ले जाने की अनुमति दे रखी है तो पुलिस इस नियम को क्यों नहीं मान रही और अवैध परिवहन के नाम पर लोगों को परेशान करने क्यो तुली है। गौरतलब है कि होली त्यौहार में पीने पिलाने या अन्य किसी पारिवारिक कारणों से पांच से छै पव्वा शराब ले जाने वालो को पुलिस पकड़ पकड़ कर थाने ले जा रही है। घंटो कारवाई के नाम पर बिठाने के बाद छोड़ा जा रहा है जिसके चलते खरीदने आने वाले के साथ-साथ पूरा परिवार परेशान हो रहा है। बीते पंद्रह दिनों से सरकारी शराब दुकान से निकलने वाले ज्यादातर ग्रामीण पुलिस का आसान शिकार बन रहे है। जानकारी के अभाव और वर्दी के रौब के चलते विरोध नही कर पा रहे है। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रतिभा लहरे का कहना है कि अवैध परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस काम कर रही है इस स्थिति में सवाल यह उठता है कि जब सरकारी शराब दुकान से कितनी मात्रा में शराब ले जाना है यह आबकारी विभाग ने तय कर रखा है तो गरीब ग्रामीणों को किस नियम के तहत रोक कर परेशान किया जा रहा है और मामला पंजीबद्ध किया जा रहा है।

### ग्रामीणों को किया जा रहा परेशान

इसकी जगह होना यह चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा में शराब ले जाते पकड़ाए तो पुलिस पहले शराब ले जाने का कारण पूछे, उसके गॉव वालों से मौके पर ही टेलिफोनिक तस्दीक करे और वाजिब कारण जानने के बाद रवानगी दे, लेकिन चिंहित कोचियों की जानकारी होने के बाद उन्हें जाने दिया जा रहा है और आम भोले भाले ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस को लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। जिला पुलिस की कार्यशैली को लेकर सिर्फ इसी विषय पर लोगों में नाराजगी है अन्यथा देखा जाए तो विभाग मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है।

### होली पर्व के दौरान दो दिन में बिकी पौने तीन करोड़ की शराब

जिले मे मुढ़ीपार, साल्हेवारा के कंपोजिट दुकानों के अलावा गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ में पृथक- पृथक रूप से देशी विदेशी मदिरा दुकानों का संचालन हो रहा है। होलिका दहन और उसके पहले दिन मिलाकर महज दो दिनों में इन सभी दुकानों से लगभग पौने तीन करोड़ रूपयों की शराब बिकी है। प्रदेश में सामान्य तौर पर तीज त्यौहार, छट्टी बरही, शादी विवाह, जन्मदिन जैसे पारिवारिक आयोजनों के अलावा खेती किसानी, मकान दुकान निर्माण के दौरान छत ढलाई के अलावा अन्य कामों में मजदूरों को देने आम तौर पर शराब ले जाते है। ब्लाक के लगभग हर छोटे बड़े गांवों में सुबह से देर रात तक कोचिए शराब बेच रहे है लेकिन वहां महंगे दर में मिलने के कारण ग्रामीण शहर पहुंचते है। कुछ पीते पिलाते है और कुछ लेकर जाते है इस दौरान रास्ते मे पुलिस उनको पकड लेती है और फिर वही कहानी शुरू हो जाती है। थाने लाओ बिठाओ, आदमी के साथ परिवार परेशान, गांव भर में बदनामी और बदले में पुलिस आबकारी से संबंधित मामलों में आंकड़े बढ़ाती है।

### समाज सेवक संघ की अध्यक्ष बनी इंजी. स्वाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



समाज सेवक संघ अध्यक्ष समाज सेविका नेमिन देशमुख अध्यक्ष संजीव सिंघल की सहमति से समाजसेवी इंजीनियर स्वाति देवांगन को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उनकी नियुक्ति पर खुलेन्द्र साहू, दिव्या वर्मा, पायल यादव, प्रियांशु अग्रवाल, भुनेवाश्वरी साहू, हिलेश्वरी ठाकुर, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक लालानी, निशि ध्रुव, मधु फाफा, पूर्व साहू, प्राची शर्मा, करीना धनकर, सरस्वती वर्मा, अमित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्वनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कवर, रोहिणी पटेल, अभिजीत सरकार, महेंद्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम, बीरू यादव, ईश्वर धनकड़, शोभा यादव, मोंटू यादव, दिनेश कुमार यादव, मंगल यादव, अनिल रंगारी, रघु यादव, संदीप यादव, कीर्तन यादव, विजय यादव, छन्नू यादव, किशन यादव और लोकेश यादव ने शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस हताशा व कुंठित मानसिकता से भरी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के निर्वाचन अधिकर्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। जिसमें श्री बघेल ने देशभर के सभी संसदीय क्षेत्रों में 375 से अधिक नामांकन भरने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की थी, ताकि लोकसभा के चुनाव ईव्हीएम मशीन से न होकर मतपत्रों से हो। श्री लाल ने कांग्रेस नेता के इस बयान को चुनाव की हताशा में प्रजातंत्र की सहज गति पर आरोप लगाने जैसा बताया है।



भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री लाल ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की घोषित प्रत्याशी के दुर्ग में दिए इस बयान की खिल्ली उड़ाते कहा कि एक लोकसभा क्षेत्र में 375 उम्मीदवार खड़ा करने का बयान देने वाले कांग्रेस के नेता यह भूल रहे हैं कि देशभर की सभी लोकसभा सीटों पर जिस पार्टी को खड़ा करने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं, उसके नेता के मुंह से यह बात शोभा नहीं देती। देशभर में कांग्रेस ले देकर 300 प्रत्याशी भी खड़ा कर लें तो बड़ी बात होगी।

श्री लाल ने कहा कि अब तक कांग्रेस चुनाव परिणाम के बाद ईव्हीएम को दोष देती रही हैं, पर अब इस चुनाव में तो नामांकन के पूर्व से ही कांग्रेस के नेता ईव्हीएम पर ठिकरा फोड़ते दिख रहे हैं। यह "नाच ना आये आंगन टेड़ा" की तर्ज का हैं। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव का आंकड़ा तक पहुंच पाना कठिन कार्य साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया के प्रति लोगों को भ्रमित करने के बदले कांग्रेस को स्वच्छ भाव से होने वाले चुनाव में प्रतिस्पर्धा करना चाहिए, किन्तु वर्तमान में कांग्रेस हताशा व कुंठित मानसिकता से भरी हुई है।

# अन्यायकारी भाजपा के खिलाफ जनता एकजुट

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कवर्धा जिले की जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्य की प्रतीक बनी केंद्र के भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा की टीम के साथ जनता को लामबंद करने में जुटे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में कोटा विधायक, पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष, कवर्धा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीलाल साहू के साथ लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी प्रदान करने रेंगाखार, बोडला, लोहारा, कवर्धा, ब्लॉक की बैठक लिए। जिससे अच्छा माहौल कांग्रेस के पक्ष में बनता नजर रहा है।

ब्लॉक स्तरीय बैठकों को संबोधित करते अटल श्रीवास्तव ने कहा कि 10 वर्ष से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार आम जनता को महंगाई, बेरोजगारी की मार के साथ संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर अन्याय की सरकार के रूप में चर्चित है। जिसके कारण ही देश की 80 करोड़ जनता को गरीबों की दंश में झेलते मुफ्त अनाज देने की नौटंकी कर रहे हैं। देश के युवा बेरोजगारी की मार से परेशान हैं और तो और गरीब परिवार को उज्जवला गैस के नाम पर जो धोखा उनके साथ किया गया है। जिससे जनता आर्थिक मार सहन करने मजबूर है। छत्तीसगढ़ में 5 वर्षीय भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने जो जनहितकारी कार्य किए जिसके कारण ही कांग्रेस पार्टी ने उन्हें राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है, ऐसी स्थिति में कवर्धा जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र की जनता भूपेश बघेल के पक्ष में हो रहे हैं, क्योंकि जिस प्रकार से कवर्धा जिले में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है और भाजपा सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है, जिसे भी जनता के मन में आक्रोश है। जिसका असर चुनाव में दिखेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, प्रमोद नायक, अभयनारायण राय व ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित थे।

### एक से समदा अस्पताल में निःशुल्क स्त्री एवं प्रसूति रोग परामर्श शिविर

**राजनांदगांव।** बसंतपुर स्टेडियम रोड राजनांदगांव स्थित समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आगामी 01 से 06 अप्रैल तक छह दिवसीय निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मिताली टुवानी द्वारा महिला एवं स्त्री रोग से संबंधित इलाज जैसे, निसंतानता, बच्चादानी में परेशानी, डिलीवरी संबंधित समस्याएं, प्रेग्नेंसी के दौरान समस्याओं जैसे अन्य स्त्री रोग संबंधित के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान संबंधित मरीज को निःशुल्क परामर्श के साथ इलाज में 20 प्रतिशत तक की आर्थिक छूट भी प्रदाय की जाएगी।




# नवरात्र की तैयारियां शुरू, प्रज्ज्वलित होंगे ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बफार्नी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि 9 से 17 अप्रैल तक मनाई जाएगी। जिसमें हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि देशभर में मनाए जाने वाले हिन्दू नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 9 से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजापाठ के अलावा आरती-पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। 9 अप्रैल को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरीगणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्जवलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी।

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे बडी संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

### हनुमान जयंती पर भी आयोजन

संस्था के सचिव श्री शर्मा ने बताया कि 13 अप्रैल को पंचमी अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमानजी, गणेशजी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाअष्टमी हवन 16 अप्रैल को संध्या 5 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी अवसर पर भगवान श्रीराम व माता की विशेष महाआरती के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा। इसके अलावा 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर पूजा पाठ के अलावा हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया है।















**बैठक:** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बारीकी से दी जानकारी

# निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अधिसूचना का प्रकाशन होने के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र 06 के लिए राजनांदगांव के जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला तथा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने लोकसभा निर्वाचन के समय सारणी के बारे में विस्तारी से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र 06 के लिए राजनांदगांव जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला होगा।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 06 राजनांदगांव के लिए गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना का प्रकाशन किया गया। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल पूर्वान्ह 11 बजे से होगी।

नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान 26 अप्रैल को होगी। पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना कृषि उपज मंडी समिति तालपुर में 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी। 6 जून के पूर्व निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। कलेक्टर ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 06 राजनांदगांव अंतर्गत न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 2 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में नाम निर्देशन कक्ष की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक एवं निर्वाचन अभिकर्ता सभी मिलाकर अधिकतम 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। अमृत द्वार से प्रवेश कर कलेक्टोरेट के मुख्य प्रवेश द्वार से होते हुए न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 02 में पहुंच सकेंगे। 100 मीटर के दायरे तक अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता के कुल तीन वाहनों को ही आने की अनुमति होगी। वाहनों के उपयोग हेतु पूर्व से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## जिले के दोनों विधानसभा में 402 मतदान केन्द्रों में किया जाएगा वेब कांस्टिग



जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग किया जाएगा। जिसमें विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र शामिल है। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में इस बार मतदान केन्द्र के अंदर के अतिरिक्त बाहर भी वेब कांस्टिग किया जाएगा। शिकायत और सुझाव के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है कंट्रोल रूम 24 घंटा संचालित होगा।

### जिले में 804 मतदान केन्द्र, कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224

जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224 है। इसमें 3 लाख 25 हजार 244 पुरूष मतदाता, 3 लाख 27 हजार 978 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 हजार 517 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 668 और 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता की संख्या 23 हजार 637 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008 है। सर्विस मतदाताओं की संख्या 136 है। 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है। जिले में 20 महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इसमें 10 पंडरिया और 10 कवर्धा विधानसभा के लिए होंगे। इसी प्रकार दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र 02, युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र की संख्या 10 होगी।

## मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी

राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। लोकसभा स्तर पर भी एमसीएमसी कमेटी गठित की गई है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएस सएमएसध्वाईस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य, श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी से क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे। निर्वाचन संबंधी किसी विज्ञापन, पोस्टर, पर्चे या किसी अन्य अभिलेख पर उसके प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम, पता एवं मुद्रित प्रतियों की संख्या छपा होना आवश्यक है।

## सभा एवं लाउडस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति

सभा एवं लाउडस्पीकर, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलना, रैली, नुक्कड़ सभा, लाउडस्पीकर, एअर बैलून के लिए अनुमति संबंधित विधानसभा क्षेत्र संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी देगें। विधानसभा 71 पंडरिया के लिए संदीप कुमार ठाकुर और 72 कवर्धा के लिए अनुपम आशीष टोप्पो को सहायक रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। हेलीकॉप्टर, हेलीपेड, पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारी के लिए जिले में एक वाहन, जिले के भीतर प्रचार प्रसार के लिए वाहन की अनुमति संबंधित जिले के लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी देंगे। सम्पूर्ण संसदीय क्षेत्र के लिए वाहनों की अनुमति रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी किया जाएगा।

# वाहन जांच चौकी का किया औचक निरीक्षण

संदिग्ध वाहनों पर नजर रखने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭सड़क अतरिया

अगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य एवं जिला की सरहद पर दो एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया जा रहा है। शुक्रवार को खैरा नर्मदा वाहन जांच स्थल का कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांड़े ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तैनात अधिकारी को संदिग्ध लोगों का पैनी नजर रखते हुए वाहनों की जांच करने कहा। वाहन से मादक एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन पर नजर रखने एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करवाने कहा। अधिकारियों ने वाहन जांच रजिस्टर का अवलोकन कर सभी वाहनों की फोटो ग्राफी करने कहा। इस मौके पर एसडीएम रेणुका रात्रे, जनपद सीईओ जेएस राजपुत, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले, गंड़ई थाना प्रभारी यादव आदि मौजूद थे।

## सामाजिक सम्मेलन आज

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ झाड़े गडरिया धनकर समाज का सामाजिक सम्मेलन कल 31 मार्च को लाल बहादुर नगर में आयोजित किया गया है। झाड़े गडरिया धनकर समाज की कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोविंद धनगर, उपाध्यक्ष कृपाराम धनगर, कोषाध्यक्ष दयाराम धनगर, सचिव नरेंद्र निवाल, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र धनगर, राकेश बीट, प्रवक्ता शंकर धनकर, कानूनी सलाहकार लालचंद धनकर, संरक्षक समारू धनगर हैं। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ में अध्यक्ष गौरव धनखड़, उपाध्यक्ष थानेश्वर धनखड़, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र धनखड़, सचिव संतोष धनखड़ हैं।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि इंदौरी।** खड़ौदा खुर्द में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका पिछले दिनों समापन हुआ। इस फाइनल मुकाबला डायमंड इलेवन खड़ौदा खुर्द व वीर इलेवन अंधरीकछार के बीच खेला गया जिसमें वीर इलेवन अंधारीकच्छर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शनकर जीत हासिल की। वहीं अंधरीकछार की ओर से टीम के कप्तान जगन मेरावी ने दमदार प्रदर्शन किया, उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ दा मैच भी रहे। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रामकुमार मेरावी खुड़िया के खिलाड़ी रहे। वहीं विजेता टीम के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी सहित खिलाड़ी गण उपस्थित थें।

# गड़बड़ी की जांच का आदेश ठंडे बस्ते में

## सोसाइटियों में जमकर हुआ फर्जीवाड़ा, जांच होने पर कई आएंगे कार्रवाई के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस शासन काल में समितियों में राशि का दुरूपयोग, स्थानांतरण, पदोन्नति में खेल, किसान चौपाल के नाम पर राशि का दुरूपयोग एवं सामाग्री खरीदी के नाम पर फर्जीवाड़ा जांच के दायरे में है किन्तु सत्ता बदलने के बाद भी अब तक जांच भी शुरू नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासन काल में किसान सम्मेलन, जन चैपाल एवं सामग्री खरीदी में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया था। वहीं समिति प्रबंधकों की सांठगांठ से प्रभावशाली लोगों के नाम पर बीमा दर्शाकर लाखों का आहरण किया गया है। भाजपा सरकार बनने के बाद मामले की शिकायत उप पंजीयक से हुई थी जिन्होंने समिति प्रबंधकों को हिसाब देने का आदेश जारी किया था। जिला पंचायत की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाते हुए जांच की मांग की गई थी लेकिन अब तक जांच शुरू नहीं पाई है।

### बाहर का धान खपा

कोचियों ने प्रबंधकों से सांठगांठ कर महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश का धान खपाया है। धान खरीदी के दौरान नमी मापक यंत्र, मैदान समतलीकरण, तालपत्री खरीदी, भूसा खरीदी के नाम पर राशि आहरण करने के मामले में नोडल अधिकारी एवं सुपरवाईजरों की भूमिका रही है। जानकारी के अनुसार लाल बहादुर नगर, डोंगरगढ नगर ग्रामीण शाखा के अलावा मेढ़ा एवं मोहारा बैंको के अधीन आने वाली कई समितियों में फर्जीवाड़ा कर राशि आहरण करने की बात सामने आई है। कांग्रेस शासनकाल में कर्जा माफ के दौरान भी कई समितियों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर शासन को चूना लगाया है। गौरतलब है कि छिपा सोसायटी के प्रबंधक गोवर्धन वर्मा ने हाल ही में आत्महत्या कर लिया था। आत्महत्या करने की वजह धान के शार्टेज होना बताया जा रहा है। इस मामले की जांच के लिए अब तक अपेक्षित पहल नहीं हो सकी है। इसी प्रकार किसानो के नाम से मोहारा सहकारी बैंक से फर्जी लोन निकालने का मामला सामने आया था। यहां अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कोचियों की सांठगांठ से लाखों का धान बेचा गया साथ ही कागजों में ही धान स्टाक दर्शाकर राशि का आहरण कर लिया गया।

### सम्मेलन के नाम पर बंदरबांट

समितियों का राजनीतिक उपयोग करते हुए किसान सम्मेलन एवं जन चौपाल का आयोजन कर सोसायटी की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगा। परिवहन, भोजन, गमछा वितरण एवं ठहरने की व्यवस्था के नाम पर राशि का आहरण किया गया। इसके अलावा तीन साल के कार्यकाल में समिति प्रबंधक, कर्मचारियों की पदोन्नति एवं स्थानांतरण में भी गड़बडी किया गया है। नियम को दरकिनार कर ऋण वितरण एवं समिति प्रबंधको ने किसानों के नाम पर फर्जी लोन प्रकरण बनाने के मामले सामने आए थे।

### जांच ठंडे बस्ते में

शिकायत के बाद जांच आदेश जरूर जारी हुआ था। नोटिस जारी करने के बाद मामले को दबाने का प्रयास शुरू हो गया है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के कारण अधिकारियों ने भाजपा नेताओ के साथ सेंटिंग कर पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया है।

### लाभार्थियों के घरों में झंडा लगाएगी भाजपा

**डोंगरगढ।** शहर भाजपा के बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रमुखों की बैठक चुनाव कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा संयोजक सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सह संयोजक सुनील कुमार जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा आदि शामिल हुए। बैठक में सभी को 30 को सभी बूथ में पार्टी कार्यकर्ताओं, लाभार्थियों एवं भाजपा समर्थकों के निवास में झण्डा लगाने पर चर्चा किया गया।

# होली क्रॉस कैथोलिक चर्च कवर्धा में आयोजित की गई गुड फ्राइडे की प्रार्थना

- मक्रूस रास्ता के माध्यम से प्रभु ईसा मसीह के दु:ख भोग को याद किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



होली क्रॉस कैथोलिक चर्च कवर्धा में गुड फ्राइडे की धर्म विधि संपन्न हुई। इस दौरान कैथोलिक समाज के लोगों ने समनापुर पुल चौक से होली क्रॉस चर्च तक क्रूस रास्ता के माध्यम से मानव जाति के लिए प्रभु ईसा मसीह को क्रूस पर आरोहित की जाने की पीड़ा को याद किया गया और प्रार्थना सभा हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए होली क्रॉस चर्च के पल्ली पुरोहित फादर जॉन थेदूकिएल ने बताया कि कैथोलिक समाज में राख बुधवार से ईस्टर संडे तक चालीसा काल मनाया जाता है। इसी क्रम में गत रविवार को खजूर रविवार के रूप में मनाते हुए उसके बाद का पूरा हफ्ता पवित्र सप्ताह के रूप में मनाया जाता है और इसी अवसर पर गुड फ्राइडे के दिन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आज के दिन ही निर्दोष ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था और उनकी मृत्यु हुई थी जो तीसरे दिन रविवार को फिर से जी उठे। जिसे ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कैथोलिक समाज गुड फ्राइडे को बहुत पवित्र मानता है और इस दौरान ईसा मसीह ने जो निर्दोष होते हुए भी क्रूस पर चढ़ने की पीड़ा सही उनकी शहादत की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है और कैथोलिक समाज मे उपवास प्रार्थना रखी गई।

## बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम कल

**डोंगरगांव।** डड़सेना सिन्हा कलार समाज की तहसील स्तरीय बैठक एवं होली मिलन समारोह आगामी 31 मार्च को सिन्हा भवन डोंगरगांव में रखा गया है। मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि सर्वप्रथम देव पूजन के बाद प्राप्त आवेदन पर चर्चा की जाएगी।

## रमजान ...




**हरिभूमि कवर्धा।** रमजान में इफ्तार के साथ रोजा खोलने की रस्म।

सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता शुक्रवार सुबह वार्ड नं. 38 व 39 के सागरपारा, ढीमरपारा, बांसपाई पारा, ब्राम्हणपारा, आजाद चौक में साफ-सफाई एवं चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेकर लोगों से रूबरू होकर नल में पानी आने की जानकरी ली और अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील की।

आयुक्त श्री गुप्ता सागरपारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथकीकरण करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अलावा शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने सेंटर प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान लचर व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते संबधित संचालक से कहा कि देखरेख करने वाले को हटाकर दूसरा रखे। उन्होंने वार्डों में हाजिरी रजिस्टर की जांच कर सभी कर्मचारियों की फोटो लगाने, अनुपस्थित कर्मचारी पर कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई कराएं, कचरा प्रतिदिन उठावे। गौशाला के सामने गली में नाली जाम की शिकायत पर चेम्बर हटाकर सफाई कराने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता ज्योति साहू व तिलक राज ध्रुव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा राजस्व अमला उपस्थित था।

### कर्मियों को दिया निर्देश

आयुक्त गुप्ता सागरपारा, ठेठवारपारा, ब्राम्हणपारा, सोनारपारा में लोगों से रूबरू होकर नल में पानी आने की जानकारी ली, जिन घरों में कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हुई, उसका जल्द निराकरण करने निर्देशित किया। उन्होंने करदाताओं के डिमांड की जांच कर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से वसूली करने तथा करदाताओं से अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील की। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान सागरपारा, ढीमरपारा में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण देख संबंधित ठेकेदार का बिल तैयार कर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नार कन्हैया नाला निर्माण कार्य चुनाव आचार सहिता के बाद तत्काल प्रारंभ कराने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देशित किया।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

कार्रवाई : ग्राम लीमो की नारायणी गुड़ फैक्ट्री के चरखा में फंसने से हुई थी मजदूर की मौत

# गुड़ फैक्ट्री संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते दिनो जिले के एक निजी गुड़ फै क्ट्री संचालक की घोरलापरवाही के चलते फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की मौत के मामले में बड़ी कार्यवाही करते कवर्धा पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 304 (ए) गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया हैं। हालांकि अभी तक आरोपी संचालक की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनो कवर्धा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लीमो में संचालित नारायणी गुड़ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर संतोष मरकाम 40 वर्ष मध्यप्रदेश राज्य के जिला मंडला, थाना मोतीनाला, गांव मेडस जैतपुरी गन्ना पेराई के दौरान चरखा मशीन में फंस गया था और गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी बाद में मौत हो गई। जिसके बाद घटना की सूचना कवर्धा पुलिस और मृतक के परिजनो को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया था।

बताया जाता है कि विवेचना के दौरान पाया गया कि इस मामले में नारायणी गुड़ फैक्ट्री के संचालक दिलीप अग्रवाल द्वारा मजदूरों की सुरक्षा के मामले में घोरलापरवाही बरती गई थी। फैक्ट्री में काम करने वाले किसी भी मजदूर को न तो सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए गए थे और न ही पेराई के दौरान उनकी सुरक्षा के कोई इंतजाम ही किए गए थे। जिसे देखते हुए पुलिस ने अब आरोपी संचालक दिलीप अग्रवाल के खिलाफ खिलाफ धारा 304 (ए) गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया हैं और आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिजनो ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा की भी मांग की है।

### गुड़ फैक्ट्री संचालक कर रहे सुरक्षा मानको की अनदेखी



यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में सैकड़ों की संख्या में निजी गुड़ फैक्ट्रियां संचालित की जाती है। जिनमें स्थानीय से लेकर दूसरे राज्यों से कमाने खाने आए हजारों मजदूर काम करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इन मजदूरों की सुरक्षा का फैक्ट्री संचालकों द्वारा कोई ध्यान नहीं रखा जाता है और न ही उन्हें कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। जिसके चलते कई मजदूर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और कुछ को तो अपनी जान तक गवानी पड़ जाती है।

### शासन-प्रशासन भी करता है अनदेखी, नहीं ली जाती गुड़ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की सुध

सुरक्षा मानको को लेकर जितनी लापरवाही निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा बरती जाती है उतनी ही लारवाही आरैर अनदेखी शासन प्रशासन भी करता है। न तो प्रशासनिक अधिकारी कभी निजी गुड़ फैक्ट्रियों का निरीक्षण करते हैं और न ही यहां काम करने वाले मजदूरों की सुध ही ली जाती है। हां कभी कभार प्रशासन द्वारा निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों सूचना देकर जिला कार्यालय में बैठक जरूर ले ली जाती है और आवश्यक दिशा निर्देश देकर उन्हें चलता कर दिया जाता है। यही वजह है कि निजी गुड़ फैक्ट्रियों में सब कुछ मनमाने ढंग से चल रहा है।

# कांग्रेस शासनकाल में लगाई गई सौर ऊर्जा लाइट नहीं दे पा रही उजाला

- सौर ऊर्जा लाइट 2 सालों से बंद ,शिकायत के बाद भी सुधार कार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

कांग्रेस शासनकाल के दौरान सौर ऊर्जा से संचालित रोड़ लाईट तथा स्ट्रीट लाईट के नाम जिले में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में किस ढंग से भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है इसकी बानगी अब खुलकर देखने को मिल रही है।



जानकारी के मुताबिक कांग्रेस शासनकाल में क्रेड़ा विभाग के माध्यम से सौर ऊर्जा को तथा कथित रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य से करोड़ों रूपए की राशि खर्च कर जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल में रोड़ लाईट तथा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है। लेकिन जिले के अधिकांश ग्रामीण और वनांचलक के ग्रामीणों की माने तो गांवों में सौर ऊर्जा से संचालित रोड़ लाईट तथा स्ट्रीट लाईट लगाने के कुछ महिने बाद ही इनका दम निकल चुका था और ये बंद पड़ गई थी।

जिनके संबंध में कई बार ग्राम पंचायत से लेकर क्रेड़ा विभाग में शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी इनका सुधार कार्य नहीं किया गया है। जिससे साफ होता है कि इस कार्य का मक्सद ग्रामीणों को प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना नहीं बल्कि भ्रष्टाचार के जरिए अपना उल्लू सीधा करना था। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि यहां कांग्रेस शासनकाल में गांव के मुख्य मार्ग में 10 से 11 सौर ऊर्जा चलित रोड़ लाईट लगाई थी, ताकि रात के समय गांव के मार्ग में रोशनी रहे और ग्रामीणों को किसर प्रकार की कोई असुविधा न हो। लेकिन ग्रामीणों की माने तो यह सुविधा उन्हें सिर्फ कुछ महिने तक ही मिल पाई उसके बाद रोड़ लाईट अचानक बंद पड़ गई।

जिसके संबंध में कई बार ग्राम पंचायत से लेकर क्रेड़ा विभाग से भी शिकवा शिकायत की गई लेकिन आज इस शिकायत को करीब दो साल का समय बीत चुका है पर सुधार कार्य नहीं किया गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है और उन्होने अब भाजपा सरकार से न सिर्फ इस मामले की जांच कराए जाने बल्कि सुधार कार्य भी कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। देखने वाली बात होगी की भाजपा सरकार इस मामले में अब क्या कार्यवाही करती है।

## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनो में भी पंजीयन 31 मार्च तक

**कवर्धा।** राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय में कम्प्यूटरीकृत एनजीडीआरएस प्रणाली पंजीयन कार्य हो रहा है। से इस वित्तीय वर्ष में मार्च के अंतिम सप्ताह में 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है। लेकिन अचल संपत्ति की खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज के पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सभी पंजीयन कार्यालय अवकाश दिवस 29 से 31 मार्च में भी खुले रहेंगे। पंजीयन के लिए ई-स्टाम्प काउंटर भी अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### आधार, पैन व जॉब कार्ड से वोट डाल सकेंगे वोटर

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाता को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाता से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग ने उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड समेत अन्य शामिल है। आगामी लोकसभा चुनाव में इनमें से कोई एक दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकते हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लगतार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# अब क्या होगा केन्द्रों में असुरक्षित पड़े लाखों क्विंटल धान का?

## आधे से ज्यादा धान हो चुका है बर्बाद



- चोर उचक्के और मवेशी चट कर रहे केन्द्रों का धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

कहते हैं अनाज की कीमत या तो अन्नदाता किसान समझ सकता है या फिर कोई भूखा। सत्ता में बैठे नेता जरूर अपने आपको किसान कहते और कहलवाते हैं लेकिन न तो वे अनाज की कीमत समझ पा रहे हैं और न ही उसे सहेजना जानते हैं। रही बात भूखे की तो सत्ता सरकार में इसकी कल्पना करना भी बेकार है।

संभवतः यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने कर्जा कोड़ी लेकर अरबो रूपए का धान किसानो से समर्थन मूल्य पर खरीद तो लिया है लेकिन इसे लेकर न तो उसके पास कोई नीति दिखाई दे रही है और न ही इसका कोई उपयोग ही समझ में आ रहा है। नतीजतन आज खरीदी समाप्त होने के करीब दो माह बाद भी जिले के धान खरीदी केन्द्रों में लाखों क्विंटल धान एक प्रकार से लाबारिश स्थिति में अपमानित होते पड़ा है। जिसे देखकर अब स्थानीय ग्रामीण और किसान भी कहने से नही चूक रहे हैं कि धान अब सरकारों के लिए सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार जिले में धान उठाव को लेकर शासन प्रशासन तथा संबंधित विभाग द्वारा प्रारंभ से ही भारी लापरवाही बरती गई है। जिसके चलते आज धान खरीदी समाप्त होने के करीब दो महिने बाद भी केन्द्रों से इसका उठाव नहीं हो पाया है।

समिति प्रबंधकों की माने तो समर्थन मूल्य में खरीदा गया यह धान खरीदी के दौरान करीब दो माह और खरीदी के बाद करीब दो माह से खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से पड़ा है। इस दौरान कभी धूप तो कभी बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि के चलते अब यह धान लगभग बर्बाद हो चुका है और खाने लायक नहीं रह गया है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोदवागोड़ान धान खरीदी केन्द्र में इस वर्ष 1 लाख 5 हजार 6 सौ क्विंटल धान खरीदा गया था जिसमें से अभी केंद्र पर 42600 क्विटल धान असुरक्षित पड़ा हैं।

### धान को लेकर सरकार की नीति अस्पष्ट

बताया जाता है कि इस बार जिले के दूसरे धान खरीदी केन्द्रो की ही तरह कोदवागोड़ान धान खरीदी केन्द्र में धान की बम्प्पर आवक हुई है। नतीजतन केन्द्र परिसर में पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण धान को गांव के आम रास्ते तक में रखना पड़ा है। जिसकी सुरक्षा और देखरेख केन्द्र के इकलौते चौकीदार के बूते की बात नहीं है। नतीजतन गांव के बाहर आम रास्ते पर रखे इस धान की दिन रात पहरेदारी करने वाले कर्मचारी ने बताया कि रात में असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी के प्रयास भी किए जाते हैं। बढ़ती गर्मी और बीच-बीच मे बदलते मौसम की मार से धान के बोरे जर्जर होकर फट रहे हैं और धान जमीन पर बिखर रहा है। जिसे मवेशी चट कर रहे हैं। ऐसे में फटे बोरे के धान को सहेजने के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाए गए हैं और उन्हें दूसरे बोरों में भरा जा रहा है। किंतु इस प्रयास से कितना बचाव और कब तक किया जा सकेगा यह एक यक्षप्रश्न है। कुल मिलाकर इन हालातों को देखकर धान को लेकर सरकार की नीति पूरी तरह अस्पष्ट नजर आ रही है।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना के गन्ना किसानों को अब तक 70.80 करोड़ का भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा चालू पेराई सत्र जन 2023-24 में एक बार फिर गन्ना विक्रेता किसानो को भुगतान जारी किया है।

इस संबंध में कारखाना प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेराई सीजन 2023-24 में 28 मार्च 2024 तक कारखाना द्वारा 11957 किसानों से कुल 337670 मे. टन गन्ने की खरीदी की गई है, जिसके विरूद्ध कुल 70.80 करोड़ का भुगतान गन्ना विक्रेता किसानों को किया जा चुका है। कारखाना प्रबंधन के मुताबिक कृषकों को वित्तीय वर्ष के अंत में बैंकों से लिए गए ऋणों की अदायगी करनी होती है, जिसकों दृष्टिगत रखते हुए कारखाना द्वारा 28 मार्च 2024 को गन्ना किसानों को 6.88 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है।

कारखाना द्वारा 14 फरवरी 2024 तक गन्ना बेचने वाले सभी किसानों को गन्ने की राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि का भुगतान कारखाना द्वारा शीघ्र कर दिया जायेगा। कारखाना द्वारा 28 मार्च 2024 तक कुल 337670 मे.टन गन्ने की खरीदी की जाकर 361232 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा इस पेराई सीजन 2023-24 में आज दिनांक की स्थिति में कारखाना स्थापना के समय से अभी तक उच्चतम दर की रिकव्हरी 12.35 प्रतिशत के मान से शक्कर का उत्त्पादन किया जा रहा है। इस वर्ष कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को रिकव्हरी पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि विगत वर्षों की तुलना में अधिक प्राप्त होगी।

कारखाना का वर्तमान पेराई सीजन 2023-24 वर्तमान में जारी है, पेराई सीजन समाप्ति तक गन्ना पेराई एवं शक्कर उत्पादन के आंकड़ो में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। जिससे किसानों को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि में भी वृद्धि की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है।

# ग्राम कोदवागोडान में आंगनबाड़ी खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले वनांचल के प्रमुख सम्पर्कित ग्राम कोदवागोडान में एक और आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा इस सम्बंध में शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के समक्ष मांग की गई है। ग्राम पंचायत सूत्रों एवं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोदवागोडान की बसाहट जहाँ क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी बड़ा और फैला हुआ है वहीं लगभग तीन हजार की जनसंख्या भी है। इस दृष्टि से यहां काफी समय से एक और आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में यहां दो आंगनबाड़ी संचालित हैं जो कि गांव के दो अंतिम छोर पर रहने वाले बच्चों के लिए सुविधाजनक हैं वहीं पूर्वी छोर पर स्थित स्थानीय बाजार पारा से इन केंद्रों की दूरी एक किलोमीटर से भी अधिक होने से बाजार मुहल्ले के छोटे छोटे बच्चे वहां नहीं जा पाते।

अतः गांव के बाजार पारा एवं कोलिहापारा मुहल्ले में रहने वाले शिशुओं के लिए एक नए आंगनबाड़ी खोले जाने की नितांत आवश्यकता है ताकि इन दोनों मुहल्ले के बच्चे भी शासन की आंगनबाड़ी योजना से लाभान्वित हो सकें। स्थानीय सरपंच सरोज धुर्वे के अलावा सुमन ठाकुर, राधेलाल साहू, रविनन्दन पांडेय ने क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा से इस दिशा में सार्थक पहल करने का निवेदन किया है।

# बोड़ला थाना क्षेत्र से चार जुआरी गिरफ्तार, बाकी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

साईबर सेल एवं बोड़ला पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए जुआरियों के एक फड़ में दबिस देकर कुल चार जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हांथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 13300 रूपए नगद, तीन मोटार सायकल तथा तास पत्ती बरामद की है। आरोपियों के विरूद्ध 13 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को मुखबिर के जरिए साईबर सेल बोड़ला को इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम तरेगांव मैदान खार में कुछ लोगों द्वारा फड़ जमाकर जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना के बाद साईबर सेल ने बोड़ला पुलिस के साथ मिलकर मौके पर दबिस दी और मौके पर जुआ खेल रहे आरोपी राजेश वर्मा पिता मोहन लाल वर्मा निवासी तरेगांव मैदान, भुपेन्द्र वर्मा पिता शिवभजन वर्मा निवासी कुसुमघटा, बहादूर साहू पिता आजूराम साहू निवासी कुसुमघटा तथा तिरथ निषाद पिता कुमार निषाद निवासी कुसुमघटा थाना बोड़ला को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 13300 रूपए नगद, तास पत्ती तथा मौके से तीन नग मोटर सायकल बरामद की है। बताया जाता है कि कुछ जुआरी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्त में आए सभी आरोपियों के खिलाफ 13 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

जिले में लगातार चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

# बाइक रैली निकालकर मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को बैनर, पोस्टर, दीवाल लेखन, स्लोगन आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेंकेडरी स्कूल से बाईक रैली निकालकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। रैली में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित शिक्षक शमिल हुए। रैली के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और मजबूत लोकतंत्र में सहभागी बनने की अपील की गई। सहायक संचालक एमके गुप्ता रैली में शामिल लोगों को देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु 26 अप्रैल 2024 को अपना मतदान अवश्य करने के साथ ही अपने माता-पिता, अभिभावक, ईष्ट मित्रों एवं आस-पास के पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रैली के माध्यम से मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई। जिले के 200-300 नागरिकों ने बाइक रैली में भाग लेकर आम नागरिको को संबोधित किया। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों को अपना शत प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है।

### 500 नागरिकों ने रक्षासूत्र बांधकर शत-प्रतिशत मतदान करने आमजनों को प्रेरित किया

लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शत् प्रतिशत मतदान रक्षासूत्र कार्यक्रम का आयोजन स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेंकेडरी स्कूल में किया गया। रक्षासूत्र कार्यक्रम में 500 नागरिकों ने रक्षासूत्र बांध कर 100 प्रतिशत मतदान करने आमजनों को प्रेरित किया।

# लगातार बढ़ रही है तपिश चुभने लगी चिलचिलाती धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लगातार बनते बिगड़ते मौसम के बीच एक बार फिर भगवान भास्कर आग उगलने लगे है जिसके चलते अंचल में लगातार तबिस बढ़ रही है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। आलम ये है कि सूरज चढने के बाद अब लोगों का धूप में बाहर निकलना मुस्किल होने लगा है। उल्लेखनीय है कि मार्च महिने के मध्य में समूचे प्रदेश व जिले में अचानक बदले मौसम के बीच हुई बेमौसम बारिश और भारी ओला वृष्टि से मौसम काफी हद तक नरम पड़ गया था। लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। अब भोर फटने के साथ ही भगवान भास्कर पूरे तेज के साथ प्रकट हो रहे हैं। दोपहर होते-होते उनकी यह प्रचण्ता चरम पर पहुंच जाती है और लोगों का अपने घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। आलम ये है कि चटख धूप और उस पर गर्म हवा के थपेड़ों के चलते लोगों को हाल बेहाल हो रहा है। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकलते भी हैं तो वे भगवान भास्कर की तपिश तथा चटख धूप से बचने के उपाय कर रहे हैं। इसी प्रकार घरों में दुबके लोग भी गर्मी से बचने के लिए पंखा, कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। मौसम के इन सख्त तेवरों को देख लोग अब अप्रैल, मई-जून माह की तपिश का अहसास कर सहम रहे हैं।

